(ख) यदि हां, तो यह प्रणाली कब से लागू की जायेगी ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) से (ग) केन्द्रीय सरकार, आय के आधार पर दो प्रकार के राशन कार्ड शुरू करने के लिए किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है । तथापि, कुछ राज्य सरकारों ने अपनी ओर से ऐसी प्रणाली शुरू की है ।

उचित दर की दुकानों के माध्यम से दालों की बिक्री

3128. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत चल रही उचित दर की दुकानों के माध्यम से दालों की बिक्री का प्रबंध करने का विचार रखती हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने गेहूं और चावल की तरह दालों की फसल की कटाई के समय ही उसकी खरीद के लिए प्रबंध किए हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली में दालों को शामिल न किए जाने के क्या कारण हैं ?

नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) से (ग) केन्द्रीय सरकार प्रमुख आवश्यक वस्तुओं, अर्थात् चावल, गेहूं, लेवी चीनी, आयातित खाद्य तेल तथा मिट्टी के तेल की अधिप्राप्ति, भंडारण तथा ढुलाई की व्यवस्था करती है । ये वस्तुएं राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित करने के लिए आवंटित की जाती हैं । केन्द्रीय सरकार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित करने के लिए दालों का आवंटन नहीं करती है । तथापि, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को सलाह दी गई है कि वे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बिक्री केन्द्रों के जरिए दालों सहित आम खपत की अतिरिक्त वस्तुओं को वितरण हेतु शामिल करें ।

Reduction of prices of edible oil

3129. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether steps have been taken recently to reduce the prices of edible oil by Rs. 5/- per K.G.;

(b) if so, details thereof with background for such a move;

(c) whether this reduction will be applicable on all varities for edible oil whether sold in packs or in loose; and

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI KAMALUDDIN AHMED): (a) to (d) The groundnut oil is considered as a trend setter in the prices of other edible oils in the country. It was noticed that prices of groundnut oil in the market were still at increased levels though the flush season had set in. The Government, therefore, decided to have dialogue with leading oil millers and traders at the major production/trading centres to request them to voluntarily bring down the prices of groundnut oil from the present levels. The first meeting of this kind was held on 30th November, 1991, at Gandhinagar in which Chief Minister of Gujarat, Union Finance Minister, Union Minister of State for Commerce and Union State Minister for Civil Supplies and Public Distribution exhorted the millers and traders to rise to the occasion and show a gesture of their cooperation with the Government by